भारत सरकार

कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोकसभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 5823

(सोमवार, 30 मार्च, 2026/09 चैत्र, 1948 (शक) को उत्तर के लिए)

प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना की स्थिति

5823. श्रीमती माला रायः

क्या **कारपोरेट कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज की तिथि के अनुसार प्रधान मंत्री इंटर्नशिप योजना की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) उक्त योजना के लिए 15 मार्च, 2026 तक कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग) 15 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है; और
(घ) 15 मार्च, 2026 की स्थिति के अनुसार उक्त योजना के प्रतिभागियों की संख्या कितनी है?

उत्तर

कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।

(श्री हर्ष मल्होत्रा)

(क): बजट 2024-25 में घोषित प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के शुरूआत के तौर पर कारपोरेट कार्य मंत्रालय ने 3 अक्टूबर, 2024 को एक पायलट परियोजना का शुभारंभ किया। इस पायलट परियोजना के दो चरण पूरे हो चुके हैं और संशोधित दिशा-निर्देशों के साथ इसका तीसरा चरण 20.03.2026 से आरम्भ हुआ है।

(ख) और (ग): आरंभ से प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई राशि का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ): दिनांक 15.03.2026 तक, पीएमआईएस पायलट परियोजना के पहले और दूसरे चरण के तहत 16,060 इंटर्न ने अपनी इंटर्नशिप ज्वाइन की।

******

अनुलग्नक

दिनांक 30.03.2026 को उत्तर के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5823 के भाग (ख) और (ग) का अनुलग्नक

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के लिए 15.03.2026 तक स्वीकृत और उपयोग की गई राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

				राशि करोड़ रूपये में
क्र.सं.	**वित्तीय वर्ष**	**बजट आवंटन और अनुमान**	**संशोधित अनुमान**	**वास्तविक व्यय**
1.	**2024-25**	**2000**	**380**	**29.29**
2.	**2025-26**	**10831.07***	**526**	**94.48**

*मुख्य योजना के लिए मंत्रालय को 10831.07 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। तथापि, मुख्य योजना शुरू नहीं हो सकी और पायलट परियोजना जारी रखा गया है।